Bharat Temples

राम नाम को रटने वाले,
जरा सामने आओ तुम,
कौन हो तुम क्या नाम तुम्हारा,
इतना तो बतलाओं तुम,
प्रभु राम का दास हूँ माता,
चरणों में परणाम मेरा,
पवन पुत्र अंजनी का लाला,
हनुमान नाम है मेरा,
राम नाम को रटने वाले।।

तर्ज फूल तुम्हे भेजा है खत में।
(यह भजन माता सीता और,
हनुमान जी के संवाद पर।)

कैसे है मेरे प्राण नाथ जी,
लेने मुझे कब आएँगे,
धीरज रखो हे माता प्रभु,
जल्दी तुम्हे ले जाएंगे,
प्यासी प्यासी इन अँखियों को,
कब आ दरश दिखाएंगे,
मार के अभिमानी रावण को,
माता तुम्हे छुड़ाएंगे।

राम नाम को रटने वालें,
जरा सामने आओ तुम,
राम नाम को रटने वाले।।

आज्ञा नहीं है मुझे प्रभु की,
माता तुम्हे जो ले जाऊं,
व्याकुल मनवा धीर धरे ना,
कैसे इसको समझाऊं,
मुझमे शक्ति इतनी माता,
मैं बजरंगी कहलाऊँ,
मेरे प्रभु के प्यारे हनुमत,
तुम पर मैं वारि जाऊँ।

राम नाम को रटने वालें,
जरा सामने आओ तुम,
राम नाम को रटने वाले।।

राम नाम को रटने वाले,
जरा सामने आओ तुम,
कौन हो तुम क्या नाम तुम्हारा,
इतना तो बतलाओं तुम,
प्रभु राम का दास हूँ माता,
चरणों में परणाम मेरा,
पवन पुत्र अंजनी का लाला,
हनुमान नाम है मेरा,
राम नाम को रटने वाले।।

Source: https://www.bharattemples.com/ram-naam-ko-ratne-wale/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw